# प्रिय अभिषेक एवं एश्वर्या

19 अप्रैल 2007 तुम्हारे जीवन में एक नया प्रभात लेकर आ रहा है। इसकी लालिमा एवं दिव्य स्वरूप तुम्हारे लिये आनंद तथा सफलताओं के शुभ अवसर लेकर आये। नई सुबह के नये उजाले, नई दुनिया, अपेक्षा, रच दो अब नई मधुशाला  एवं समय नामक अपनी 5 कविताएं इस अवसर पर तुम दोनो को भेंट करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि  तुम्हारा वैवाहिक जीवन सदा सुखी रहे व आजीवन एक दूसरे के प्रति अगाध प्रेम तथा विश्वास बना रहे। आनेवाले समय में सफ़लता की उन उचांइयों को छू सको जिनकी तुमने कभी कल्पना की हो। अभिषेक, गुरू देखने के बाद आज कह सकता हूं कि विरासत में मिली अभिनय प्रतिभा को तुम बेकार नही जाने दोगे। हां, एक बात अवश्य ही कहना चाहूंगा, एश्वर्या प्रतिभाशाली है, रुपवान है, साथ ही विश्व सुंदरी भी अगर विवाहोपरांत भी कुछ फ़िल्मों मे अभिनय कर सके तो अवश्य ही राष्ट्रहित की बात होगी।

# सुखी दाम्पत्य जीवन के लिये शुभकामनाएं

अभय शर्मा (सविता एवं अमृत), अणुशक्ति नगर, मुम्बई।